भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1588**
**01 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए**

**इस्पात उत्पादक संस्थाओं का आधुनिकीकरण**

1588. श्री सतनाम सिंह संधूः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में इस्पात उत्पादक संस्थाओं के आधुनिकीकरण के लिए मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय पंजाब में इस्पात उद्योग की संकटग्रस्त स्थिति से अवगत है; और

(ग) यदि हां, तो देश में संकटग्रस्त इस्पात संस्थाओं की सहायता के लिए मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका पंजाब राज्य सहित देश भर में इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता की है। आधुनिकीकरण में प्रौद्योगिकियों के चयन संबंधी निर्णय इस्पात कंपनियों द्वारा प्रौद्यो-वाणिज्यिक विचारों और बाज़ार की गतिशीलता के आधार पर स्वयं लिए जाते हैं।

*****